हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 13 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 36 .2 डिग्री
न्यूनतम 24 .5 डिग्री

12 शहीदों की विरासत को संभालने की जरूरत



12 हाथों में तख्तियां लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### हत्या के मामले में पंजाब से तीन लोग गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी दिलजीत सिंह, चंदन कुमार व प्रकाश को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी पंजाब के रहने वाले हैं। इस मामले में संलिप्त अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 4 अगस्त 2025 को पुलिस ने हुए आरोपी गौरव , हरदीप सिंह, रविंद्र, जसप्रीत सिंह, ध्रुव व जसबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी धुव्र व जसबीर 2 दिन के रिमांड पर थे। लाड़वा के अनिल कुमार ने 3 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 2 अगस्त 2025 को नशा मुक्ति केंद्र रसूलपुर में उसके भतीजे आकाश माटा की अंकित व अन्य ने मिलकर मारपीट करते हुए हत्या कर दी है।

### डेढ़ किलो गांजा के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने राक्सेडा गांव में यहां की निवासी कांता को 1 किलो 506 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट योगिंद्र मान की मौजूदगी में कांता से नशे की खेप बरामद क है। वहीं कांता पर पहले भी नशा तस्करी के केस दर्ज है और वह जमानत पर जेल से छूटी कर फिर से मादक पदार्थ बेचने लगी है। इधर, कांता पर थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### घर के बाहर से जेसीबी चोरी का आरोपी काबू

**पानीपत।** थाना मॉडल टाउन की आठ मरला चौकी पुलिस ने घर के बाहर खड़ी जेसीबी चोरी मामले में विकास उर्फ बिधी निवासी गांव पाजू खुर्द जिला जींद को हिसार के श्यामसुख गांव से गिरफ्तार किया है। आठ मरला चौकी इंचार्ज रोबिन ने बताया कि जेसीबी की चोरी आठ मरला चौकी में ब्राहमणवास गांव निवासी अरूण की शिकायत पर केस दर्ज है।

### ईंटों से भरी ट्रॉली पलटी कांधला के युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के बरसत रोड पर स्थित भैंसवाल ड्रेन के पास ईंटों से भरी हुई ट्रॉली पलट गई। हादसे में ट्रॉली पर सवार सचिन पुत्र देवेंद्र निवासी कांधला, जिला शामली, उत्तर प्रदेश की मौत हो गई। पुलिस ने सचिन के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रख कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नहर में नहाते समय डूबे युवक का शव बरामद

**पानीपत।** गांव सिठाना के पास रितिक निवासी गांव काबडी दिल्ली पैरलल नहर में नहाते समय लापता हो गया था। इधर, मंगलवार सुबह रितिक का शव खुबडू झाल जिला सोनीपत के पास मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद रितिक का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। वहीं रितिक अपने पीछे पत्नी व दो बेटे और दो बेटियां छोड गया है। सभी का रो रो कर बुरा हाल है।

### कृपाण से रेहड़ी संचालक पर हमला, गिरफ्तार

**अंबाला।** अंबाला छावनी के रेलवे स्टेशन के सामने फ्लाईओवर के नीचे खाने की रेहड़ी पर शराब का सेवन करने से मना करने पर मंगलवार को दो पगड़ीधारियों ने जंडली के विपिन कुमार पर कृपाण से हमला कर दिया। स्थानीय लोगों व पुलिस ने बीचबचाव किया। घायल विपिन को कैंट के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। विपिन की बाजू पर पांच टांके आए व फ्रेक्चर हो गया। दोनों हमलावरों को पुलिस ने पकड़ लिया है। घायल विपिन ने बताया कि वह फ्लाईओवर के नीचे ही रेहड़ी लगाता है। दोपहर के समय नशे में आए दोनों व्यक्तियों ने शराब का सेवन करने की बात कही। जब मना किया तो हमला कर दिया।

# शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा से नागरिकों में बढ़ेगा आपसी सौहार्द एवं भाईचारा : राणा

### भाजपा ने रादौर क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति के नाम पर तिरंगा यात्रा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भाजपा द्वारा आजादी के पर्व के उपलक्ष में राष्ट्रभक्ति के नाम मंगलवार को रादौर क्षेत्र में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर क्षेत्र के गांव खेडकी ब्राह्मण में स्थित शहीद रामकिशन सैनी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया।

- तिरंगा यात्रा हमें स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की याद दिलाती है : कृषि मंत्री

तिरंगा यात्रा गांव पुरनगढ़, बापा, सढ़ूरा व बपौली से होते हुए शहीद उधम सिंह धर्मशाला रादौर में सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा में युवा, पुरुष, महिलाएं अपने हाथों में तिरंगा उठाए हुए थे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं है। बल्कि हमारे देश की आन बान शान के साथ साथ अस्मिता,बलिदान और गौरव का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा हमें स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की याद दिलाती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश में जन जन का उद्देश्य बन चुका है। उन्होंने कहा कि भारत आत्मनिर्भर देश है। ऑपरेशन सिंदूर के समय बेहतरीन शक्ति का प्रदर्शन कर विश्व के दूसरे देशों को भी बता दिया है कि भारत अब किसी के सामने झुकने वाला नहीं है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों में देश के प्रति देशभक्ति निर्माण करना है। ताकि महान शहीदों की शहादत को कभी भुलाया न जा सकें। असंख्य वीर शहीदों की बदौलत आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हम सभी का दायित्व ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी बनता है कि हमें उन महान वीरों की शहादत को नमन कर उन्हें सम्मान दें। इस शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा से देश में शहीदों एवं तिरंगे के प्रति लोगों में सम्मान की प्रेरणा जगेगी। शहीद सम्मान तिरंगा यात्रा से लोगों में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बढेगा। किसी भी देश की आर्थिक स्थिति जनता द्वारा स्वदेशी सामान का प्रयोग करने पर निर्भर करती है। यदि देश की जनता अपने ही देश में निर्मित सामान का प्रयोग करें तो हमारे देश का पैसा दूसरे देशों में जाने से बच सकता है। बौद्धिक, क्षमता, परिश्रम और दक्षता के आधार पर भारत विकास पथ की ओर अग्रसर है। हरियाणा भी विकास के क्षेत्र में प्रगति के पथ की ओर अग्रसर है। प्रदेश सरकार लोगों के हित में नई नई योजनाएं बनाकर उन्हें जनता को समर्पित कर रही है।





**यमुनानगर।** रादौर के खेड़ी ब्राह्मण में तिरंगा यात्रा का शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके व ट्रैक्टर पर सवार होकर शुभारंभ करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा नेता नेपाल सिंह, भाजपा मंडलाध्यक्ष कृष्ण कांबोज,नगरपालिका के चेयरमैन रजनीश मेहता, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, चेयरमैन धर्म सिंह बंचल, ब्लाक समिति के चेयरमैन विपिन कांबोज, अलाहर के पूर्व सरपंच गोपाल कृष्ण, डॉ. ऋषिपाल सैनी, सुरेन्द्र चीमा, चरण सिंह व धनपत सैनी आदि मौजूद रहे।

### हर कुर्बानी देने को तैयार : कंवरपाल

**यमुनानगर।** हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर के नेतृत्व में मंगलवार को हजारों की संख्या में नागरिकों ने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 40 किलोमीटर लम्बी विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। विशाल तिरंगा यात्रा प्रताप नगर से शुरू होकर नेशनल हाईवे से होते हुए छछरौली और फिर नेशनल हाईवे से होते हुए बुडिया चौक से जगाधरी शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल जगाधरी पर समाप्त हुई। हजारों की संख्या में नागरिकों ने पूरे जोश से हिस्सा लिया, जगह-जगह पर विशाल तिरंगा यात्रा के ऊपर फूलों की वर्षा की गई, भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाए गए। जगाधरी विधानसभा क्षेत्र की विशाल तिरंगा यात्रा की सारी व्यवस्था की देखरेख भाजयुमो जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी अपने टीम के साथ स्वयं कर रहे थे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि तिरंगे के बिना देश का अस्तित्व नहीं है। तिरंगा देश की एकता का प्रतीक है। तिरंगे के मान सम्मान को लेकर हम हर कुर्बानी देने को तैयार हैं। तिरंगा यात्रा देश के हर नागरिक को राष्ट्र भक्ति की भावना से ओत प्रोत करेगी। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं दुनिया के हर कोने में यह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।



## 8 माह की बच्ची से ताऊ ने किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- इससे पहले बच्ची की बड़ी बहन के साथ भी यह कृत्य कर चुका

सदर थाना के क्षेत्र के एक गांव से रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जहां एक ताऊ ने अपनी 8 माह की भतीजी के साथ रेप कर दिया।

ताऊ इससे पहले भी इस बच्ची की बड़ी बहन के साथ भी यह कृत्य कर चुका है। लेकिन लोकलाज के कारण परिवार कुछ नहीं बोला, जब 8 माह की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया तो परिवार ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। करनाल सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता पिता के मुताबिक, उसके पास दो बच्चियां है। जिसमें एक साढ़े तीन साल की है और दूसरी महज 8 माह की है। बच्ची का ताऊ अक्सर बच्चियों को अपने साथ खेलने के लिए रखता था और इसी दौरान वह बच्चियों के साथ घिनौने काम करता। जब यह 8 माह की बच्ची साढ़े तीन महीने की थी तब भी ताऊ ने घिनौना काम किया था और इसी बच्ची की बड़ी बहन के साथ भी यह पहले गलत काम कर चुका है। यानी छोटी बच्ची के साथ दो बार और बड़ी बच्ची के साथ एक बार गलत काम किया। घर वालों ने आरोपी को अबकी बार आरोपी को नहीं बख्शा। उन्होंने तुरंत पुलिस को बुलाया। बच्ची का मेडिकल भी करवाया। जिसके बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई। परिवार के बयान मजिस्ट्रेट के सामने भी करवाए गए हैं। आरोपी को पकड़ लिया गया है और उस पर पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। सदर थाना के एसएचओ तरसेम ने बताया कि गांव में 8 माह की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### पिता-पुत्र ने व्यक्ति पर गंडासी से किया हमला

**यमुनानगर।** गांव महमूदपुर में पिता पुत्र ने रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर गंडासी व डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। गांव महमूदपुर निवासी जसवीर सिंह ने बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही गुरबचन सिंह के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था।

उसके बाद से गुरबचन सिंह उससे रंजिश रखने लगा। आठ अगस्त की रात आरोपी गुरबचन सिंह ने अपने लड़के अमरीक सिंह के साथ मिलकर उसे रास्ते में रोक लिया और उसे पर गंडासी व डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया।

## सैन्य अफसर के घर में फिर सेंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ एक आरोपी, पुलिस ने 25 हजार का ईनाम रखा

सैन्य क्षेत्र में अफसरों के क्वार्टरों से निरंतर चोरी हो रही है। अब चोरों ने रक्षा बंधन पर मानेकशॉ एन्क्लेव में तीन अफसरों के क्वार्टरों के ताले तोड़ दिए। दो अफसरों के क्वार्टर में कुछ नहीं मिला।

इसके बाद चोर एक कर्नल के क्वार्टर से सोने की चेन, चांदी का ब्रेसलेट व पांच हजार रुपये ले गए। एक आरोपी क्वार्टर के सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। पुलिस ने चोर को पकड़ने के लिए 25 हजार रुपये का इनाम रख दिया है। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इस मामले में सबसे हैरानी की बात यह है कि मानेकशॉ एन्क्लेव में किसी भी बाहरी व्यक्ति की बिना अफसरों की अनुमति के एंट्री ही नहीं है। सुरक्षा के लिहाज से मुख्य गेट पर जवानों का पहरा है और आने-जाने वाले सभी रास्तों पर सीसीटीवी से नजर रखी जाती है। पीड़िता कर्नल की पत्नी ने बताया कि वह 8 अगस्त को रक्षा बंधन पर गए हुए थे। 9 अगस्त की रात को क्वार्टर पहुंचे तो चोरी का पता चला। कर्नल की पत्नी भी एक स्कूल की प्रिंसिपल है। उनके घर से सोने की चेन, चांदी का ब्रेसलेट व पांच हजार रुपये गायब थे। चोरी की सूचना पाकर सेना व इलाका पुलिस सहित सुरक्षा एजेंसियां भी मौके पर पहुंची। चोरी का पता लगाने के बाद सेना व इलाका पुलिस मौके पर पहुंची तो जेवरात व नकदी गायब थी। क्वार्टर के बाहर कोई सीसीटीवी नहीं था। जब जांच करते हुए पास के ही दो क्वार्टरों के ताले टूटे देखे तो उनमें से एक पर सीसीटीवी लगा हुआ था। चोरों ने सबसे पहले इसी क्वार्टर में चोरी का प्रयास किया था। उसमें चोर कैद हो गया। पुलिस ने फुटेज में कैद आरोपी का पोस्टर जारी कर दिया है ताकि जल्द उसे काबू किया जा सके।

## सैलून संचालिका व उसके भाई को किया घायल

### पुलिस ने 5 आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 में कुछ युवकों ने सैलून में घुसकर सैलून संचालिका व उसके भाई के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार छोटा मॉडल टाउन निवासी सोनिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 17 में सैलून है। देर शाम आठ बजे वह तथा उसका भाई शिवम सैलून पर काम कर रहे थे। इस दौरान सरजीत, गौरव, राहुल, अंश व शिवम उसके सैलून में घुस गए। आरोपियों ने आते ही उन्हें अपशब्द बोलने शुरु कर दिए। जब उन्होंने आरोपियों का विरोध किया तो आरोपियों ने डंडों, पंच व पत्थर आदि से उन पर हमला कर दिया। जिससे वह तथा उसका भाई घायल हो गए। शोर सुनकर जब अन्य दुकानदार मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## बागड़ के लिए बस सेवा शुरू

- विधायक पूजा के प्रयास रंग लाए, श्रद्धालुओं में खुशी
- विधायक ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

विधायक पूजा के प्रयासों से बराड़ा से राजस्थान स्थित गोगा जाहरवीर की जन्मस्थली बागड़ के लिए नियमित बस सेवा मंगलवार से शुरू हो गई। यह बस रोजाना सुबह 8 बजे बस स्टैंड से रवाना होगी।

बस सेवा के शुभारंभ के अवसर पर बस स्टैंड पहुंचने पर स्थानीय श्रद्धालुओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बस का फूल मालाओं से स्वागत किया। मिठाई बांटकर खुशी जताई।



**बराड़ा।** बस का संचालन होने पर खुशी जताते श्रद्धालु।

श्रद्धालुओं ने विधायक पूजा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गोगा जाहरवीर के प्रति क्षेत्र में हजारों लोगों की अटूट आस्था है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु बागड़ दर्शन के लिए जाते हैं।

पहले भक्तों को निजी साधनों पर निर्भर रहना पड़ता था जिससे समय, धन और असुविधा का सामना करना पड़ता था। नई बस सेवा से न केवल सफर आसान और किफायती होगा, बल्कि श्रद्धालुओं को गोगा के दर्शन के लिए सुविधा भी मिल सकेगी। शुभारंभ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने विधायक के प्रयासों की सराहना की।

### सीएम आज पीपली में प्रजापति समुदाय के परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र देंगे

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त महावीर प्रसाद ने कहा कि हरियाणा में कुम्हार/ प्रजापति समुदाय के परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। इसके लिए 13 अगस्त को सुबह 10 बजे पिपली अनाज मंडी में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे तथा कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल और यमुनानगर जिलों के पात्र परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र बांटेंगे। उपायुक्त महावीर प्रसाद मंगलवार को पिपली अनाज मंडी में कुम्हार/प्रजापति समुदाय के परिवारों को ह्यपात्रता प्रमाण पत्र राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने उपरांत अधिकारियों, कर्मचारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।

- पीपली अनाज मंडी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम

इससे पहले उन्होंने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और कार्यक्रम स्थल पर संबंधित विभागों द्वारा किए जाने वाले प्रबंधों की फीडबैक रिपोर्ट भी ली। उन्होंने कहा कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार और कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस राज्य स्तरीय समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है तथा इस कार्यक्रम के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है। सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित प्रबंधों को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि पिपली अनाज मंडी में पार्किंग की व्यवस्था की गई है और पंडाल में सभी लाभार्थियों के बैठने के प्रबंध किए गए है। इस राज्य स्तरीय समारोह की तमाम तैयारियां विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा के सचिव एवं आयुक्त साकेत कुमार और महानिदेशक विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा दुष्मंता कुमार बैहरा की देखरेख में की गई है।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 297 घरों में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

## मुकारबपुर में डायरिया से पीड़ित 65 मरीज मिले

- जिला सिविल सर्जन डॉ. मंजीत सिंह ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव मुकारबपुर मे डायरिया की जांच के लिए 297 घरों का सर्वे कर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान गांव में 65 मरीज डायरिया के मिले। जिनमें आठ मरीज अलग अलग अस्पतालों में उपचाराधीन पाए गए। जिला सिविल सर्जन डॉ. मंजीत सिंह ने उक्त जानकारी दी।

सिविल सर्जन डॉ. मंजीत सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. वागीश गुटैन, महामारी रोग विशेषज्ञ दिनेश शर्मा, डॉ. मोनिका, अवतरा सिंह, पदम, शालीनी, एएनएम ममतेश व आशा वर्कर आशा आदि ने गांव मुबारकपुर में घर घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान गांव मुकारबपुर के 297 घरों का सर्वे कर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने पर डायरिया के 65 केस मिले। जिसमें से 8 मरीज जिले के अलग अलग निजी अस्पतालों में दाखिल मिले। उन्होंने बताया कि टीम ने मौके पर पानी के 16 सेम्पल लेकर बैक्टीरियोलॉजिकल जांच के लिए डीपीएचएल लैब यमुनानगर में भेजे गए हैं। वहीं, 16 लोगों के रक्त के सेम्पल लिए गए हैं।

इनकी हेपेटाईटिस ए और हेपेटाईटिस ई के टेस्ट किए जाएंगें और 9 व्यक्तियों के स्टूल सैंपल लिए गए। सिविल सर्जन डॉ. मंजीत सिंह ने बताया कि डायरिया की बीमारी गंदे पानी पीने के कारण होती है। उन्होंने लोगों से पब्लिक हेल्थ की सप्लाई के पानी को उबालकर पीने और बासी खाना ना खाने, साफ सफाई का ध्यान रखने, खाना खाने से पहले और शौच जाने के बाद हाथों को साबुन से अच्छे से धोए जाने की अपील की।



**यमुनानगर।** गांव मुकारबपुर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके डायरिया का पता लगाते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### गांव में दो जगह पानी की लीकेज पाई गई

छछरौली सीएचसी के प्रभारी एवं जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. वागीश गुटैन ने बताया कि गांव में दो जगह पानी की लीकेज पाई गई है और पानी के 22 ओटी टेस्ट किए गए हैं। जो कि अनफिट पाए गए। यदि किसी व्यक्ति को डायरिया की शिकायत होती है तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर ईलाज कराएं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन स्वास्थ्य विभाग को पानी की लीकेज बारे सूचित किया गया था। जिसके बाद जन स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पानी की लीकेज को ठीक किया जा रहा है।

## इंद्री में ज्वेलर्स से की 1.90 लाख की ठगी

- ठगी करने वाले युवक की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री के नया बाजार स्थित केबीएस ज्वेलर्स पर फिल्मी अंदाज में एक लाख 90 हजार रुपए के गहनों की ठगी करने का मामला सामने आया है। दुकान मालिक रिषभ कपूर ने बताया कि सोमवार शाम करीब 5 बजकर 30 मिनट पर एक युवक आया और एक सोने की चैन व अंगूठी की खरीदी ।

युवक ने पहले उससे जान पहचान बनाई और फिर अपने खाते से दो बार मे एक लाख नब्बे हजार रुपए की ऑनलाइन ट्रांसफर दिखाते हुए कहा कुछ समय में उनके खाते मे पेमेंट आ जाएगी और ज्वेलरी लेकर चला गया लेकिन जब आधे घंटे तक भी पेमेंट खाते में नहीं आई तो शक होने पर घटना की सूचना डायल 112 व इंद्री पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मामले की जांच करते हुए कार की नंबर सहित बीटी करवाई। इसके बाद उक्त कार को ड्राइवर सहित डेरा बस्सी टोल टैक्स पर काबू कर लिया गया । इंद्री थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि ज्वेलर्स से एक लाख नब्बे हजार रुपए के गहनों की ठगी करने की शिकायत आई थी । कार्यवाही करते हुए डेराबस्सी टोल पर गाड़ी को ड्राइवर सहित काबू कर लिया गया है। ठगी करने वाले युवक की तलाश जारी है।

## खबर संक्षेप

### नारी निकेतन में विधिक सेवा शिविर लगाया

**करनाल।** जिला व सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जोनल मैनेजर क्रिड के सहयोग से नारी निकेतन में विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि शिविर में 12 संवासियों के आधार कार्ड बनाए गए, जिनमें 6 कार्ड अपडेट हुए और 6 के नए आवेदन किए गए। मौके पर पैरा लीगल वालंटियर अज़्ज़ा पाल और नारी निकेतन की अधीक्षक संध्या भी मौजूद रहीं।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की मासिक बैठक आयोजित



**करनाल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ निसिंग ब्लॉक की मासिक बैठक शिव मंदिर निसिंग में खंड प्रधान ईशम सिंह आर्य की अध्यक्षता में हुई। संचालन खंड सचिव मोहनलाल ने किया। बैठक में विशेष रूप से बलराज सिंह, ओम प्रकाश सिंहमार, सुरेंद्र सिंह रावत, रामकिशन और रक्षपाल वर्मा मौजूद रहे। बैठक में 17 सितंबर को जंतर मंतर पर प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा हुई।

### 79वें स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह की फाइनल रिहर्सल कल

# पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा करेंगे ध्वजारोहण जिला प्रशासन की तैयारियां पूरीः उत्तम सिंह



उपमंडल स्तर पर भी समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि 79वें स्वतंत्रता दिवस का जिला स्तरीय समारोह 15 अगस्त को यहां नई अनाज मंडी में भव्य व शानदार ढंग से मनाया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि हरियाणा के सहकारिता, जेल एवं पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा ध्वजारोहण और परेड का निरीक्षण करेंगे। इससे पहले वे शहर के कर्ण पार्क के निकट जिला सैनिक बोर्ड कार्यालय के परिसर में बने वॉर मेमोरियल स्थल पर अमर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम की फाइनल रिहर्सल कल आयोजित की जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह राष्ट्रीय पर्व है, जिला प्रशासन द्वारा समारोह की गरिमा को देखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध पूरे किए गए हैं। समारोह स्थल की भव्य ढंग से साज सज्जा की गई है तथा दर्शकों के लिए स्वच्छ पेयजल, शौचालय आदि का समुचित प्रबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा सामूहिक मास पीटी का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। गुरुकुल नीलोखेड़ी के बच्चों का मलखम्ब तथा पार्थ पब्लिक स्कूल घरौंडा, डी.ए.वी स्कूल पुलिस लाईन, दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, दून इंटरनेशनल स्कूल, डी.ए.वी. मधूबन स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न राजकीय स्कूलों की छात्राओं का हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे समारोह में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि जिला में उपमंडल स्तर पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा।

### इंद्रीः विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व मास पीटी की रिहर्सल की

**इंद्री।** एसडीएम अशोक कुमार मुंजाल के निर्देशन में अनाज मंडी इंद्री में उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के लिए रिहर्सल की गई। प्रधानाचार्य शेखर शर्मा, ज्योति खुराना, हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार व संगीत शिक्षक संजीव कुमार की देखरेख में खंड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अभ्यास किया। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री व पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के दो सौ के करीब विद्यार्थियों ने मास पीटी की तैयारियां की। एसडीएम अशोक कुमार मुंजाल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी अनाज मंडी में उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। समारोह की तैयारियों के लिए रिहर्सल की जा रही है। 13 अगस्त को फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी। हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति, स्वतंत्रता आंदोलन, भारतीय सेना के शौर्य और हरियाणवी व पंजाबी संस्कृति पर केन्द्रित नृत्य, कोरियोग्राफी व समूह गीत आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। तैयारी कर रहे विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता है। इस मौके पर अनिल कुमार, संजीव कुमार, बलविन्द्र सिंह, बलवान सिंह, धीरज कुमार, दुष्यंत कुमार, प्रदीप कुमार, सीमा, अनु, सुदेश, सोनिया कांबोज, राजेन्द्र सहित अनेक कर्मचारियों ने योगदान दिया।



**इंद्री।** अनाज मंडी इंद्री में मंगलवार को उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के लिए रिहर्सल करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### भारत विकास परिषद का दंत चिकित्सा शिविर



**करनाल।** भारत विकास परिषद अभिमन्यु शाखा द्वारा चल रहे सांस्कृतिक पखवाड़े के तहत कैथल पुल के नीचे उम्मीद पाठशाला के बच्चों के लिए दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। सरदाना डेंटल क्लीनिक रामनगर के डॉ. राकेश सरदाना और डॉ. शमा चौधरी ने बच्चों के दांतों की जांच की और उचित परामर्श दिया। शिविर में बच्चों को मुफ्त टूथपेस्ट भी वितरित किए गए। डॉक्टरों ने बच्चों को सुबह और रात दोनों समय ब्रश करने, जंक फूड से परहेज करने और बचपन से ही दांतों की देखभाल की आदत डालने की सलाह दी। प्रकल्प प्रमुख डॉ. राकेश सरदाना और उम्मीद पाठशाला के संचालक जयकरण शास्त्री ने कहा कि स्वस्थ दांत पूरे शरीर की सेहत के लिए जरूरी हैं। शाखा अध्यक्ष सतीश मल्होत्रा ने बताया कि सांस्कृतिक पखवाड़े में सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। मौके पर अशोक कुमार, सीमा खुराना, श्रेया चौहान, नेहा राणा और रजनीश चोपड़ा भी मौजूद रहे।

### व्यक्तियों से भ्रामक प्रचार से बचेः एमएफआईएन

**करनाल।** माइक्रो फाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क (एमएफआईएन) और सैटिन क्रेडिटकेयर नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-16 स्थित सामुदायिक भवन में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित हुआ। भारतीय रिज़र्व बैंक से मान्यता प्राप्त एमएफआईएन देशभर में एनबीएफसी-एमएफआई का स्व-नियामक संगठन है। रीजनल हेड विजय वाधवा ने कहा कि वित्तीय साक्षरता जीवन का महत्वपूर्ण पहलू है। कार्यक्रम में बचत, निवेश, ऋण, बजट, बीमा और वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव पर जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि करनाल में 44 माइक्रो फाइनेंस कंपनियां कार्यरत हैं, जो सभी आरबीआई द्वारा नियंत्रित हैं। उन्होंने लोगों को सचेत किया कि अनधिकृत व्यक्तियों से भ्रामक प्रचार से बचें और किसी भी शिकायत के लिए लोन कार्ड में दिए ग्राहक निवारण नंबर या एमएफआईएन के टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुशील हंडूजा (जिला अग्रणी प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक), सैटिन क्रेडिटकेयर से सर्वेश कुमार सिंह (सीनियर रीजनल मैनेजर), दीपक सहोता (डिप्टी ट्रेनिंग मैनेजर), संदीप सिंह सेठी (रीजनल एडमिन–एच.आर.), क्रिशन पाल (डिप्टी रीजनल मैनेजर), गौरव कुमार (ब्रांच मैनेजर) एवं टीम उपस्थित रहे।



### तिरंगा भारतवासी का सम्मान व आन, बान, शान : गोयल

**तरावड़ी।** तिरंगा हर भारतवासी का सम्मान व आन बान शान है। देश के प्रति सौहार्द और समर्पण की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से आजादी के दीवानों क्रांतिकारी और वीर सैनिकों को याद करते हुए आजादी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये। यह शब्द समाजसेवी पुष्कर गोयल ने कहे। डबल चाबी चावल के निर्माता पुष्कर गोयल ने कहा कि तिरंगा हर भारतवासी का गौरव और सम्मान है। इस अवसर पर समाजसेवी यश सलूजा नें बातचीत करते हुए कहा कि त्योहारों और पर्व के साथ-साथ हमें पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व को भी मनाना चाहिए ताकि सभी में देशभक्ति की भावना और अधिक प्रबल हो। 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा महोत्सव में शहीदों को श्रद्धांजलि देकर देश की आन बान शान तिरंगे को पूरे हर्षोल्लास के साथ फहराये। इस अवसर पर पुष्कर गोयल, यश सलूजा, अक्षत गोयल भी मौजूद थे।



**तरावड़ी।** हर घर तिरंगा महोत्सव पर चर्चा करते पुष्कर गोयल व यश सलूजा।

### महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों तथा राष्ट्रीय क्रेडिट कोर द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत एक तिरंगा यात्रा महाविद्यालय परिसर से गांव इंद्रगढ़ तक निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में महाविद्यालय के लगभग 350 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों के देश भक्ति के जोश से समस्त गांव व गलियां गूंज उठी। इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश के लिए शहीद हुए वीरों की शहादत को याद किया गया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यकारी प्राचार्य डॉ सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को देश सेवा के लिए प्रेरित किया तथा हरी झंडी दिखाते हुए महाविद्यालय परिसर से तिरंगा यात्रा को रवाना किया। राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिकारी कैप्टन रणबीर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तिरंगे से संबंधित नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रो कुलदीप, प्रो बाल ऋषि, प्रो शालिनी, प्रो मीरा, प्रो निर्मला, प्रो रजनी, प्रो सुमन व प्रो स्वाति गोयल सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा कैंपेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

सरकार के दिशा-निर्देश अनुसार नगर पालिका तरावड़ी के सचिव अजीत कुमार के नेतृत्व में घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा कैंपेन चलाया हुआ है। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में स्वतंत्रता दिवस के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नगर पालिका के मोटीवेटर राजवंती व परविंदर सिंह इस अभियान को चला रहे । इस अभियान के अंतर्गत मुख्य रूप से लोगों को अपने घर पर तिरंगा लगने के लिए समझाया जा रहा है । स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग के विषय को आधार मानते हुए लोगों को स्वतंत्रता के महत्व के साथ-साथ समझाया जा रहा है कि वे अपने घरों में कूड़े कचरे का निपटान सही तरीके से करें । अपने घरों के आसपास स्वच्छता को बनाए रखें। अपने घरों के कचरे को बाहर सड़कों व नालियों में ना डालें । स्वतंत्रता को स्वच्छता के साथ जोड़ते हुए हम सब का यह कर्तव्य बनता है कि हम अपने समाज अपने शहर को साफ सुथरा रखने में अपना अपना सहयोग दें और देश के तिरंगे की शान को बढ़ाने के लिए हमें संकल्प लेना चाहिए कि ना तो हम गंदगी फैलाएंगे और ना फैलने देंगे।



**तरावड़ी।** लोगों को संदेश देते नगर पालिका के मोटीवेटर राजवंती व परविंदर।

### एनएसएस इकाई की तिरंगा यात्रा और संकल्प समारोह

**करनाल।** पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल की एनएसएस इकाई ने मंगलवार को "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता" विषयक तिरंगा यात्रा और संकल्प समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय आत्म-सम्मान जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजेश रंगा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, नगर निगम करनाल के अतिरिक्त नगर आयुक्त अशोक कुमार, प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी, गुरदेव सिंह (ट्रिगर मास्टर), अंकित (एमआईएस डेटा विशेषज्ञ) और मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेंद्र चोपड़ा ने हरी झंडी दिखाकर किया। तिरंगा यात्रा महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सेक्टर-13 तक पहुंची। यात्रा के बाद महाविद्यालय परिसर में सभी ने स्वच्छता, राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। अशोक कुमार ने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ समाज की नींव है और एनएसएस स्वयंसेवक इस परिवर्तनशील भारत की मजबूत आधारशिला हैं।" गुरदेव सिंह, अंकित और सुरेंद्र चोपड़ा ने भी स्वच्छता व नागरिक जिम्मेदारी पर अपने विचार रखे। अंत में प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने सभी अतिथियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया।

### हर घर तिरंगा रैली में झलकी देशभक्ति



**करनाल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीबीपुर जाटान में हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के तहत गांव में भव्य रैली निकाली गई। विद्यालय की प्राचार्या मीनाक्षी चौधरी और सरपंच विद्या देवी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने भारत माता के जयकारों के साथ गांव की गलियों में तिरंगे का संदेश फैलाया। रैली में विद्यालय की एसएमसी प्रधान, स्टाफ सदस्य और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी शामिल रहीं। प्राचार्या मीनाक्षी चौधरी ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन-बान-शान का प्रतीक है और हर नागरिक को इसका सम्मान करना चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी ने आह्वान किया कि हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन से जोड़ा जाए, क्योंकि यह न केवल तिरंगे के सम्मान को बढ़ाता है, बल्कि राष्ट्रीय एकता का भी प्रतीक है। इस अवसर पर ममता, सीमा, सुमन, रीना, सुनीता, शीला, राजकुमार, छतरपाल और अंजू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कुशल कारीगर बनाकर रोजगार दिलाना वंडर वैली आईटीआई का लक्ष्य : नरेश

**करनाल।** "विद्यार्थी जीवन की नींव अनुशासन है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत, संकल्प और आत्मविश्वास जरूरी हैं" यह बात वंडर वैली आईटीआई बड़ा गांव के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने बताया कि 2006 में स्थापित संस्थान अब तक हजारों युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर रोजगार दिला चुका है। गुप्ता ने कहा कि आज के समय में तकनीकी शिक्षा बेरोजगारी दूर करने और आत्मनिर्भर बनने का प्रभावी माध्यम है। संस्थान में कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, मैकेनिक डीजल और वेल्डर जैसे कोर्स चल रहे हैं, जो रोजगार के साथ अनुशासन, समय प्रबंधन और व्यावसायिक व्यवहार भी सिखाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने जीवन का सही उपयोग करें और मेहनत व लगन से अपने सपनों को साकार करें, ताकि वे खुद के साथ समाज और देश के विकास में भी योगदान दे सकें।



वंडर वैली डायरेक्टर नरेश कुमार गुप्ता

# प्रताप पब्लिक स्कूल में कुक विदाउट फायर स्पर्धा

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल में हब ऑफ़ लर्निंग के अंतर्गत एक रचनात्मक प्रतियोगिता कुक विदाउट फायर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालयों -श्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल, नरसिंह दास सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एसएमएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल, श्री ब्रह्म ऋषि विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल, सरस्वती पब्लिक स्कूल, गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल और मेज़बान प्रताप पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

यह प्रतियोगिता सीबीएसई द्वारा प्रारंभ किए गए हब ऑफ लर्निंग अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विभिन्न विद्यालयों के मध्य ज्ञान, रचनात्मकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तिलक और स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों और प्रतिभागियों के हार्दिक अभिनंदन के साथ हुई । उसके पश्चात प्रतिभागियों ने बिना अग्नि के , अपने रचनात्मक कौशल द्वारा स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजन तैयार किए। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए व्यंजन न केवल स्वाद में उत्कृष्ट थे, बल्कि प्रस्तुति में भी अत्यंत प्रभावशाली रहे। विद्यालय के चेयरपर्सन हन्नी चौधरी और निर्देशिका पिथी चौधरी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और नवाचार को बढ़ावा देती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उत्तेरजा ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार निपुणता से आगे बढने हेतु प्रोत्साहित किया।



**तरावड़ी।** कार्यक्रम भाग लेते विभिन्न स्कूलों के बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

# मज़बूत लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव आयोग ज़रूरीः इंद्रजीत गोराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



लोकतंत्र की बुनियाद एक व्यक्ति एक वोट के सिद्धांत पर टिकी

अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य इंद्रजीत सिंह गोराया ने बीजेपी की मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुआ कहा कि जबसे ये लोग सत्ता में आए है देश की संविधानिक संस्थाओं को कमजोर करने में लगे हुए है।

इन्दरजीत गोराया ने कहा के देश में लोकतंत्र की बुनियाद एक व्यक्ति एक वोट के सिद्धांत पर टिकी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में इस सिद्धांत को छिन्न भिन्न करने को कोशिश की जा रही है जिसके पुष्ट प्रमाण कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रेस के माध्यम से चुनाव आयोग व देश की जनता के समक्ष प्रस्तुत किए है।

चुनाव आयोग को चाहिए था कि वह तटस्थ होकर इन आरोपों की निष्पक्ष जांच करवाता ताकि देश की जनता का विश्वास निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था पर बना रहे परंतु ऐसा होने की बजाय चुनाव आयोग खुद सरकार के संरक्षण में चला गया लगता है।

एक व्यक्ति के दो व तीन जगह वोट बनाने व डालने के प्रमाण कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दिए हैं जिसे किसी तरह से झुठलाया नहीं जा सकता यह लोकतंत्र के लिए बड़े ख़तरा का संकेत है जिसे देख की जनता देख व समझ चुकी है।

# श्री खाटू श्याम भजन संध्या में उमड़े श्रद्धालु, झूमे भक्त

521 चावल के निर्माता पंकज गोयल की ओर से कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

जी टी रोड़ पर स्थित अमानी पैलेस में भगवान श्री खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह भजन संध्या 521 चावल के निर्माता पंकज गोयल की ओर से आयोजित की गई।

कार्यक्रम में गोयल परिवार की गुरू सुश्री सुदीक्षा सरस्वती जी भी गोयल को आर्शीवाद देने पहुंची थीं। इस भजन संध्या में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी, करनाल मेयर रेनू बाला गुप्ता और उसके पति बृज गुप्ता खास तौर पर भगवान श्री खाटू श्याम का आशीर्वाद लेने पहुंचे। इसके अलावा बृजभूषण गोयल, आशु गोयल, उषा गोयल, ममता गोयल, हर्ष गोयल, ईश्वर गोयल, सुभाष गोयल, लाला साधुराम सिंगला, कृष्ण चन्द सिंगला, रविंद्र सिंगला, प्रमोद सिंगला विजय सिंगला, संजय सिंगला, प्रवीण गर्ग, नरेश गर्ग, नरेश बंसल, वीरेंद्र बंसल, सुभाष गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अशोक गोयल, चुनीत बंसल, सुनील गुप्ता, योगेश मिड्ढा, ललित बुटाना, रामनिवास बंसल, अंकुर गर्ग, नीरज गुप्ता, विशाल गुप्ता सहित कई लोग वहां मौजूद थे। इस अवसर पर नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी तथा करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने भगवान श्री खाटू श्याम के दरबार में उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्री खाटू श्याम कीर्तन के आयोजन के लिए उद्योगपति पंकज गोयल को बधाई दी और उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से धार्मिक माहौल बनता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री खाटू श्याम के प्रति लोगों की अपार श्रद्धा है। भगवान श्री खाटू श्याम हारे का सहारा है। इसलिए लोग उनके आगे न केवल नतमस्तक होते हैं बल्कि श्रद्धापूर्वक उन्हें पूजते भी हैं।

दिल्ली से आई भजन गायिका साज मल्होत्रा एवं उनके पति ने भगवान श्री खाटू श्याम के भजनों से माहौल को धार्मिक बना दिया। भगवान श्री खाटू श्याम का भव्य दरबार आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था। इस अवसर पर भगवान श्री खाटू श्याम के भजनों पर वहां मौजूद श्रद्धालु आए हुए मेहमान भी खूब नाचे। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया।



**तरावड़ी।** करनाल मेयर रेणू बाला एवं बृज गुप्ता का स्वागत करते पंकज गोयल।



दिल्ली से आई भजन गायिका साज मल्होत्रा साथ में पंकज गोयल व ममता गोयल।

### कथा में सती और भगवान शिव विवाह तथा ध्रुव चरित्र वर्णन सुनाया

# कलयुग में सरल भक्ति से भगवान की प्राप्ति संभवः कनिष्का भारती





हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री सनातन धर्म मंदिर रामनगर में चल रहे श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा प्रवाहिका कनिष्का भारती ने भक्तजनों को भक्ति, धर्म और जीवन के आदर्शों से ओतप्रोत अमृतमय प्रवचन सुनाए।

उन्होंने कहा कि यद्यपि कलयुग में बुराइयों की भरमार है, लेकिन इसमें एक विशेष गुण भी है अन्य युगों में भगवान की प्राप्ति के लिए कठिन तप और लंबे समय की साधना करनी पड़ती थी, जबकि कलयुग में थोड़े से प्रयास, श्रद्धा और नाम-स्मरण से भी भगवान को पाया जा सकता है। कनिष्का भारती ने माता अनुसुईया जी की पावन कथा सुनाते हुए बताया कि माता अनुसुईया ने केवल अपने पति को ही भगवान मानकर पति व्रत धर्म का पालन किया। इसी धर्मनिष्ठा और तपस्या की शक्ति से उन्होंने ब्रह्मा, विष्णु और महेश जैसे देवों को भी बालक रूप में परिवर्तित कर लिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माता को माँ अनुसुईया जी से प्रेरणा लेकर पति व्रत धर्म का पालन करना चाहिए। कथा में सती और भगवान शिव विवाह तथा ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन समझाया। इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान राधे शाम सलूजा, शाम सुंदर सचदेवा, श्री अमर ठक्कर, विनोद वर्मा, जगदीश नारंग, राकेश चानना, मनोज चंदा और प्रेम काठपालिया आदि उपस्थित रहे। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा श्रवण करते रहे और अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### दो सगी बहनें लापता

**इसराना।** गांव कवि से दो नाबालिग बहनें लापता हो गई हैं। मां ने लडकियों के लापता होने की शिकायत थाना मतलौडा में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं लडिकयों की मां ने गांव के एक युवक पर शक जताया है। यह युवक पहले उनके घर आता-जाता था। लेकिन जिस दिन से लड़कियां गायब हुई हैं, वह भी दिखाई नहीं दे रहा है। पुलिस ने दोनों लडिकयों की गुमशुदी का केस दर्ज कर इनकी तलाश शुरू कर दी है।

### रिश्वत केस की जांच शुरू

**इसराना।** गांव भंडारी निवासी सुरेंद्र ने गांव मतलौडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की नर्सिंग ऑफिसर सुशीला और सफाई कर्मचारी पिंकी पर उनकी गर्भवती पत्नी की डिलीवरी कराने की एवज में 2200 रुपये रिश्वत वसूल करने का आरोप लगाया है। सुरेंद्र की शिकायत पर सीएमओ डॉ. विजय मलिक ने इस मामले की जांच के लिए एसएमओ डॉ. नरेश की अगुवाई में डेंटल सर्जन डॉ. ज्योति कुमारी, नर्सिंग ऑफिसर कविता देवी और असिस्टेंट जोगेंद्र सिंह की कमेटी बनाई है।

### जानलेवा हमलावर पकड़े

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने विद्यानंद कॉलोनी में जानलेवा हमला करने के दो आरोपियों साहिल व बिलाल निवासी विद्यानंद कालोनी, पानीपत को गिरफ्तार किया है। थाना चांदनी बाग प्रभारी संदीप ने बताया कि थाना चांदनी बाग में बलजीत नगर विद्यानंद कॉलोनी निवासी मोहम्मद अली की शिकायत पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने दो गहना चोर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने नूरवाला के विजय नगर में घर से चांदी की जेवर, मोबाइल फोन व पानी की मोटर चोरी करने के दो आरोपियों उज्जवल पुत्र महाबीर व विजय पुत्र छोटे लाल निवासी विजय नगर को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना तहसील कैंप में न्यू विजय नगर निवासी मोनिका पत्नी विजय की शिकायत पर केस दर्ज है।

### इनेलो का कुनबा बढ़ा

**पानीपत।** कांग्रेसी नेता बलवान देशवाल व अमित देशवाल ने इनेलो में शामिल होने की घोषणा की है। इस अवसर पर इनेलो के जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी, इसराना हलका प्रधान राजेंद्र जागलान, सूरजभान बोदला पूर्व सरपंच गांव नारा, जयकरण देशवाल, सुंदर देशवाल, जगमेन्द्र देशवाल, सौरभ आदि मौजूद रहे।

### मतलौडा अनाज मंडी से प्रारम्भ हुई तिरंगा यात्रा भालसी गांव में सम्पन्न हुई

# राष्ट्रीय एकता और अखण्डता का संदेश देती है तिरंगा यात्रा : कृष्ण



इसराना। पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार तिरंगा लहराते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

- कई स्थानों पर यात्रा का लोगों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया

हरियाणा के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने इसराना विधानसभा क्षेत्र की मतलौडा अनाज मंडी में विशाल तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए कहा कि इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान देना व लोगों में राष्ट्रीय भक्ति की भावना को जागृत करना है। ये यात्रा लोगों को राष्ट्रीय एकता और अखण्डता का संदेश देती है। विशेष तौर पर यह यात्रा युवाओं में देश के प्रति जिम्मेदारी और गर्व की भावना का संचार करती है। मंत्री पंवार ने कहा कि तिरंगा यात्रा से देश के शहीदों को याद किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार शहीदों के परिवारों की मदद के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। यह यात्रा मडलौडा अनाज मण्डी से शुरू होकर भालसी गांव में समाप्त हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में युवा मोटरसाइकलों व गाड़ियों पर तिरंगा लगाकर जय-जयकार करते हुए नजर आ रहे थे। कई स्थानों पर यात्रा का लोगों ने फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। मंत्री पंवार ने दावा किया कि तिरंगा यात्रा से एकता व आखंडता का संदेश जाता है। वहीं, तिरंगा यात्रा भारतीय सेना का मनोबल हर नागरिक की ताकत है और इससे राष्ट्र प्रेम की भावना और अधिक प्रबल होती है। उन्होंने आह्वान किया कि हर घर तिरंगा अभियान में हर व्यक्ति को अपना सहयोग देकर इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए।

### तिरंगा यात्रा निकाल शहीदों को नमन किया



**पानीपत।** तिरंगा यात्रा से राष्ट्र एक सूत्र में पिरोया जा रहा है। तिरंगा यात्रा से आम जनमानस में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार होता है। यह शब्द भाजपा प्रदेश महामंत्री डा.अर्चना गुप्ता ने भाजपा सनौली मंडल द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा के समापन पर अपने संबोधन में कहें। वहीं, तिरंगा यात्रा कारगिल बलिदानी ऋषिपाल त्यागी के स्मारक पर पहुंची। तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोगों के साथ कारगिल बलिदानी ऋषिपाल त्यागी की प्रतिमा पर माल्या अर्पण किया तथा पुष्प अर्पित करते हुए शहीद ऋषिपाल त्यागी की विरांगना गीता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जबकि अधमी गांव में कारगिल शहीद रियासत अली की वीरांगना शकील को सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता ईश कुमार राणा, महावीर सिंह, विपिन पांचाल, सुभाष त्यागी, रविंद्र पांचाल, रविंद्र भल्लौर, कुराड़ गांव के सरपंच प्रतिनिधि टिंकू देशवाल, राममेहर त्यागी, जगबीर आर्य, मोहित सरपंच प्रतिनिधि, सोनू रावल, रणजीत शर्मा, राजेंद्र रावल, महेश त्यागी सरपंच, रामनिवास, मोहित रावल, तिरंगा यात्रा के मंडल संयोजक बलवान कांगड़ा ने फूल मालाओं से स्वगात किया।

### तिरंगा यात्रा में कटी जेब

**इसराना।** इसराना के मतलौडा में तिरंगा यात्रा के भीड का फायदा उठाते हुए रविन्द्र उर्फ लीलू, विनोद, श्याम लाल समेत कई लोगों की जेब से नगदी चोरी कर ली गई। वहीं, मतलौडा थाना प्रभारी ने बताया कि जेब काटे की शिकायत नहीं मिली, कपलेंड मिलने पर केस दर्ज कर जांच की जाएगी।



पानीपत। शहरी क्षेत्र में तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक करते हुए विधायक प्रमोद विज, नवीन भाटिया आदि। फोटो : हरिभूमि

## आज शहीदों के सम्मान में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- यात्रा में शहर के आम नागरिक और वरिष्ठ नागरिक सम्मिलित होंगे

भाजपा द्वारा देश भर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत पानीपत शहरी विधानसभा में 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसका नेतृत्व पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज करेंगे। यात्रा के संयोजक मेयर कोमल सैनी के पति दिनेश सैनी होंगे। यात्रा के बेहतर आयोजन हेतु सोमवार को विधायक प्रमोद विज के कार्यालय में जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट एवं भाजपा के जिला एवं प्रदेश के पदाधिकारियों और पार्षदों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान तिरंगा यात्रा का आयोजन 13 अगस्त की शाम चार बजे जीटी रोड स्थित होटल मिड टाउन से लेकर शहीदी स्मारक लघु सचिवालय तक होना है। यात्रा में शहर के आम नागरिक और वरिष्ठ नागरिक सम्मिलित होंगे। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, जिला प्रवक्ता वेद पाराशर, चेतन तनेजा जिला महामंत्री सुनील कंसल, सुमित जागलान, सभी पार्षद और मंडल अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## गंदगी फैलने वालों को चेताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

- ग्राउंड में तार लगाकर रेहड़ियों को हटा दिया जाएगा
- पुरानी अनाज मंडी में दुकानदारों द्वारा फैलाई गई गंदगी से परेशान

गांव इसराना की पुरानी अनाज मंडी में दुकानदारों द्वारा फैलाई गई गंदगी से आम जनता परेशान है। स्थानीय लोगों ने कई बार एसडीएम इसराना को इसकी शिकायत की थी। इस पर कार्रवाई करते हुए मार्केट कमेटी के बलजीत सिंह रांघी ने रेहड़ी-पटरी वालों को एकत्रित कर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सभी दुकानदार अपने आसपास की सफाई रखें। मार्केट कमेटी के ग्राउंड में फैली गंदगी को तीन दिन के भीतर साफ करना होगा। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो ग्राउंड में तार लगाकर रेहड़ियों को हटा दिया जाएगा।

# नशे के विरूद्ध स्टूडेंट्स व टीचर्स ने शपथ ली

- एएसआई जगपाल ने कहा नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण युवा वर्ग तेजी से मानसिक बीमारियों की गिरफ्त में आ रहा




पानीपत। राजकीय स्कूल गांव अधमी में नशे के विरूद्ध शपथ लेते हुए स्टूडेंट्स व टीचर्स आदि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

पुलिस अधीक्षक पानीपत द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के दौरान डीएसपी समालखा नरेन्द्र कादियान की देखरेख में मंगलवार को गवर्नमेंट हाई स्कूल गांव अधमी में एएसआई जगपाल सिंह ने जाकर विद्यार्थियों को नशा करने के दुष्परिणाम बारे विस्तृत जानकारी देकर जीवन में कभी भी नशा नहीं करने बारे शपथ दिलवाई गई। वहीं, एएसआई जगपाल ने कहा नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण युवा वर्ग तेजी से मानसिक बीमारियों की गिरफ्त में आ रहा है। नतीजतन परिवार टूट रहे हैं और सामाजिक ताना बाना भी बिगड़ रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से नशा मुक्ति अभियान चलाए जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। नशा करने वाले व्यक्तियों का सरकारी अस्पताल पानीपत में फ्री इलाज करवाया जाता है।

### पानीपत में हरविंद्र फहराएंगे तिरंगा

**पानीपत।** हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्यअतिथि भाग लेकर ध्वजारोहण करेंगे। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि उपमंडल स्तर पर भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसराना उपमंडल में एसडीएम नवदीप नैन ध्वजारोहण करेंगे व इसी प्रकार समालखा उपमण्डल में समालखा विधानसभा क्षेत्र से विधायक मनमोहन भड़ाना ध्वजारोहण करेंगे। पानीपत में स्वतंत्रता दिवस की परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल जारी है। डीसी डॉ. दहिया ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्य होगा।

# शरीर की रोग से लड़ने की ताकत को बढ़ाता है योग

- प्रथम योग शिक्षक स्व. रघुवीर सैनी को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के पदाधिकारीगण बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति की मंगलवार को हुडा सेक्टर 13 -17 वृंदा एनक्लेव के जिला कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक भारत स्वाभिमान के प्रभारी शीशपाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला संरक्षक एवं प्रथम योग शिक्षक स्व. रघुवीर सैनी को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस को जिले में मनाने, खाली पड़े हुए पदों को भरने के लिए भी सुझाव मांगे गए। जिसमें सर्व सम्मति से विजेंद्र कौशिक को सह किसान जिला प्रभारी, राममेहर कौशिक को मीडिया प्रभारी, बलवान सिंह को सह प्रभारी भारत स्वाभिमान तथा बलवान शर्मा को तहसील प्रभारी भारत स्वाभिमान, मोहनलाल शर्मा को तहसील प्रभारी पतंजलि के पद पर नियुक्त किया गया। बैठक में शीशपाल, अशोक अरोड़ा, बलवान सिंह, रामपाल, राममेहर, आरडी, बलवान, बिजेंद्र, मोहनलाल व विजय आदि ने दावा किया कि योग करने से शरीर निरोग होता है।

## आर्यन ने राज्य स्तर पर जीता द्वितीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रेड बिशप पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली के छात्र आर्यन ने राज्य भर में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया है।

हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री के ओएसडी विवेक कालिया, कला एवं सांस्कृतिक विभाग की अधिकारी रेनु हुड्डा, सुमन दांगी और हृदय कौशल ने आर्यन को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और इक्यावन सौ नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया।



पानीपत। विद्यार्थी आर्यन को सम्मानित करते हुए अथितिगण। फोटो : हरिभूमि

## नगर निगम में करोड़ों के घोटाले में केस दर्ज हो: कपूर

- लोकायुक्त को शिकायत भेजी, निगम अधिकारियों व थानेदार पर घोटाले को दबाने का आरोप

**पानीपत।** लोकायुक्त जस्टिस हरि पाल वर्मा को शिकायत भेज कर आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर ने नगर निगम की प्रॉपर्टी टैक्स शाखा में हुए चार करोड़ रुपये के प्रॉपर्टी टैक्स घोटाले की तत्काल एफआईआर दर्ज करके एंटी करप्शन ब्यूरो से जांच कराने की मांग की है। कपूर ने अपनी शिकायत में एसएचओ सिटी व नगर निगम अधिकरियों पर घोटाले को दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि नगर निगम अधिकारियों ने पुलिस को शिकायत देकर पल्ला झाड़ लिया है, क्योंकि घोटाले में कई बड़े अधिकारियों के पीए शामिल हैं। वहीं, एसएचओ सिटी पुलिस स्टेशन तीन महीने से इस शिकायत को दबाएं बैठे है। कपूर ने घोटाले में शामिल निगम कर्मचारियों, दलालों व फजीवाड़े से लाभन्वित हुए प्रॉपर्टी मालिकों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करके एंटी करप्शन ब्यूरो से जांच कराने की मांग की है।



आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर।

## स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं नागरिकः बत्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- स्वदेशी उत्पादों के अपनाने से भारत की अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी

विश्व भारती विद्या निकेतन देशराज कॉलोनी पानीपत में स्वदेशी जागरण मंच पानीपत की तरफ से जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। जिसमें बच्चों को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए जागरूक किया गया और उन्हें स्वदेशी वस्तु के प्रयोग करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। प्रधानाचार्य अवनीश ठाकुर, स्वदेशी जागरण मंच से विजेंद्र, विक्रम, जितेंद्र, गुलशन बत्रा, नितिन, मनोहर नागपाल ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों के अपनाने से भारत की अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी और देश की विदेशों पर निर्भरता कम होगी, इससे देश की मोटी धनराशि बचेगी और इस का खर्च देश में विकास कार्यों पर होगा, इससे देश विकसित होगा।

### तालाब की नवनिर्मित दीवार गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

गांव नौल्था में एक विवादित तालाब की नवनिर्मित दीवार गिर गई है। वहीं, तालाब गांव नौल्था और नौल्था डूंगरान की पंचायतों के बीच विवादित है। हालांकि रिकॉर्ड के अनुसार यह तालाब नौल्था ग्राम पंचायत में है। पूर्व में इसी तालाब से जुड़ा एक घोटाला सामने आया था। नौल्था डुंगरान के तत्कालीन सरपंच अजमेर सिंह ने नौल्था के सरपंच द्वारा बनाई गई तालाब तक की सड़क के पैसे निकलवा लिए थे। वहीं, विजिलेंस जांच में उन्हें दोषी पाया गया और 24 लाख रुपये के गबन का मामला सामने आया।

**शिविर** आर्य कॉलेज में आयोजित कैंप में 63 ने रक्तदान किया, हरिपाल ने 72 वीं बार रक्तदान किया

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में चंडीगढ से हरियाणा के रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष महेश जोशी हुए शामिल

# मानवता की सबसे बड़ी सेवा है रक्तदान करना : डॉ. गुप्ता

- रक्तदान करने से मानव शरीर का गंभीर रोगों से बचाव होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। आर्य कॉलेज में अथितियों के साथ रक्तदाता को बैज लगाते हुए प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता।

आर्य पीजी कॉलेज की एनएसएस, रोटरी कल्ब पानीपत रेनबो व रेडक्रास समिति के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में चंडीगढ से हरियाणा के रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष महेश जोशी ने शिरकत की। वहीं, प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान करने से मानव शरीर का गंभीर रोगों से बचाव होता है और शरीर की इम्युनिटी बढ़ती है। वहीं, स्वस्थ्य नागरिक साल में तीन बार रक्तदान कर सकता है। दान में मिले रक्त से रोगी व हादसों में घायल लोगों की जान बचाई जाती है। मानवता की सबसे बड़ी सेवा रक्तदान करना है। इसके मद्देनजर रक्तदाता भगवान का स्वरूप बन जाता है। रेडक्रॉस की डॉ. पूजा सिघंल, एनएसएस इकाई की प्रभारी डॉ. मनीषा डुडेजा ने बताया कि कैंप में 63 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। प्राध्यापिका आस्था गुप्ता ने बताया कि कैंप में कॉलेज के कर्मचारी हरिपाल ने 72 वीं बार रक्तदान किया, जिसके लिए हरिपाल को सम्मानित भी किया गया।

### रक्तदान करना हर युवा का कर्तव्यः जैन



**पानीपत।** हैल्पएज ऑर्फ़नस, इन्नर व्हील क्लब पानीपत मिडटाउन और रोटरी पानीपत साउथ के साथ मिलकर स्वतंत्रता दिवस पर जिला के अब तक के सबसे बड़े एक दिवसीय रक्तदान महाशिविर का आयोजन करेगी। हैल्पेज ऑर्फन्स के संस्थापक, मनन सिंगल, इन्नर व्हील क्लब पानीपत मिडटाउन की प्रधान रुपाली चोपड़ा, रोटरी पानीपत साउथ के प्रधान नवनीत गोयल व एडवोकेट मेहुल जैन ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर 21वें रक्तदान महाशिविर का आयोजन गोशाला मंदिर हॉल, जीटी रोड, पानीपत में होगा और प्रयास रहेगा कि इस कैंप में 400 से अधिक युनिट रक्त एकत्र किया जाए। इसके लिए हैल्पएज ऑर्फ़नस आदि संस्थाएं प्रयासरत है। रक्तदान करना हर युवा का कर्तव्य है।

## खबर संक्षेप

### राहगीर पर हमला करने वालों पर की कार्रवाई

**मुलाना।** गांव खेड़ा के व्यक्ति से मारपीट करने और जातिसूचक अपशब्दों का प्रयोग करने पर पुलिस ने एससी एसटी एक्ट के तहत तीन ग्रामीणों पर मामला दर्ज किया है। परिवादी अर्जुन सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 9 अगस्त को साढ़े 11 बजे अनाज मंडी तलहेड़ी से अपने घर जा रहा था। रास्ते में खल चौकर की फैक्टरी के पास सोनू ने उसे अपने पास बुला लिया। यहां खेड़ा गांव का ही धौला, सोनू और सचिन ने पहले तो मजाक करने लगे। इसके बाद धौला ने गाली गलौज कर धमकाना शुरू कर दिया। इसके बाद पास में ही पड़ी लकड़ी से तीन बार हमला किया। इसके बाद आरोपियों ने जातिसूचक अपशब्दों का प्रयोग कर उसे गालियां भी दी। अर्जुन सिंह ने आरोपियों से जान माल का खतरा बताया है। पुलिस अब आरोपियों का तलाश रही है।

### तार चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप को गिरफ्तार किया है। पुरानी अनाजमंडी के रहने वाले असीम ने 11 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने अंबाला चण्डीगढ़ रोड पर स्थित उसके प्लाट से तारों के दो बंडल चोरी किए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। आरोपी से पुलिस ने चोरीशुदा तार जब्त की है।

### धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी धीरज को गिरफ्तार किया है। उसे नौ दिन के रिमांड पर लिया गया है। मामले में सलिप्त अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। नई बस्ती के दीपक ने 8 जुलाई 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 जून 2022 से 5 जून 2023 के दौरान आरोपी राहुल व अन्य ने दुबई में वीजा सेंटर खोलने तथा डॉलर खरीदकर ज्यादा पैसा कमाने का लालच देकर उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी की थी।

### अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

**अंबाला।** नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा नियंत्रित क्षेत्र शहजादपुर में लगभग 2 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों में बनी इंटरलोकिंग टाइल की सडक़ तथा नीवों को ध्वस्त कर दिया है। मौका पर जिला नगर योजनाकार - रोहित चौहान, अभिषेक कौशिक तथा एसएचओ इंफोर्समेंट ब्यूरो के जवान भी मौजूद थे।

### लीगल ऐड क्लीनिक खोला गया

**अंबाला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण के मार्गदर्शन में जिला सैनिक बोर्ड में एक लीगल ऐड क्लीनिक खोला गया है। यह क्लिनिक पूर्व सैनिकों, रक्षा कार्मिकों और उनके परिवार के सदस्यों को निशुल्क कानूनी सहायता और मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।

---

### गरीबी के कारण मकान की रिपेयर नहीं करवा सका परिवार

# भारी बरसात से गरीब परिवार के घर की छत ढही, दीवार में भी आई दरार

#### महिला बोली अब किराए पर ली शरण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना**

यहां हो रही बारिश के चलते कई दिनों के टपक रही गरीब परिवार की कच्ची छत गिर गई। साथ ही कमरे की दीवार की भी ढह गई । घर के अन्य कमरे भी लगातार टपक रहे हैं। अन्य छते गिरने के भय से गरीब परिवार ने मजबूरीवश किराए पर आश्रय लिया है। परिवार का बीपीएल कार्ड बना हुआ है लेकिन इसके बावजूद परिवार को सरकारी पक्की छत योजना के तहत किसी प्रकार की कोई सहायता प्रदान नहीं हुई। बुजुर्ग विधवा कैलाशो सैनी ने बताया कि घर में उसका बेटा जसबीर, पुत्रवधु, पोता व पोती रहते हैं। उन्होंने बताया कि सावन के महीने में हुई बारिश से कच्ची छत लगातार टपक रही थी ।

रक्षा बंधन के दिन शनिवार को सुबह 9 बजे उसकी पुत्रवधु कमरों के बाहर वाली जगह बैठी हुई थी । तभी एक कमरे की छत गिर गई और उसकी दीवार भी ढ़ह गई । यह देख उनकी पुत्रवधु वहां से भाग खड़ी हुई । पूरे घर की छतों की हालत जर्जर है। गनीमत रही कि जिस कमरे की छत गिरी उसमें भूसा डाला हुआ था । कैलाशो नेबताया कि उनके घर में



**मुलाना।** घर की गिरी छत दिखाती बुजुर्ग कैलाशो सैनी।

उनका बेटा जसबीर ही कमाने वाला है। जोकि मेहनत मजदूरी से केवल जीवन यापन के लिए कमा पाता है। इसके चलते वो अपने घर की रिपेयर नहीं करा सके।

उन्होंने करीब 6 बार पक्की छत योजना के लिए फार्म भरे हैं लेकिन उन्हें कोई लाभ नहीं मिला। गांव मुलाना के सरपंच प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवाज योजना के तहत पीड़ति परिवार के घर का सर्वे हो गया है। इसके बावजूद भी पीडित परिवार को आपदा प्रबंधन फंड के तहत कुछ आर्थिक लाभ दिलाने के प्रयास हेतु पटवारी की रिपोर्ट करवाई गई है। उम्मीद है जल्द ही पीडित परिवार को लाभ मिले ।

---

## बरसात के कारण कई कॉलोनियों हुआ जलभराव, पंपों से नीकाला जा रहा पानी





- बरसात से मौसम फिर हुआ सुहावना, गर्मी से मिली राहत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

मंगलवार तड़के हुई जोरदार बरसात की वजह से कई कॉलोनियों में जलभराव हो गया। खासकर इंको समेत दूसरे अंडरब्रिज पानी से लबालब हो गए। निगम की ओर से तुरंत रिहायशी कॉलोनियों व अंडरब्रिज से पानी निकालने के लिए पंपों को चालू किया।

कुछ देर बाद ही ज्यादातर कॉलोनियों से पानी उतर गया था। बरसात की वजह से लोगों को गर्मी से भी भारी राहत मिली। बता दें कि पिछले दिनों हुई बरसात को लेकर अंबाला शहर में राजनीति का पारा गर्म हो गया था। मेयर व अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह ने जलभराव काके लेकर निगम अफसरों पर जोरदार हमला किया था।

इसके साथ ही इस बीच यह खबर भी निकल कर आई थी कि अंबाला शहर की नगर निगम की सुपर सकर मशीन को यमुनानगर भेज दिया गया। मंगलवार तड़के हुए बरसात की वजह से अंबाला शहर के जंडली ,मॉडल टाउन चौकी, मनाली हाउस, ईंको अंडर ब्रिज, जगाधरी गेट समेत कई जगहों पर जलभराव हुआ था। हालांकि शाम तक मौसम साफ होने के बाद ज्यादातर जगह से पानी की निकासी हो गई थी।

---

## शहीदों की विरासत को संभालने की जरूरत



**अंबाला।** मुख्यअतिथि को स्मृति चिह्न देते सेमीनार के आयोजक।

- गवर्नमेंट कॉलेज में शुरु हुआ अंतरराष्ट्रीय सेमिनार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में मंगलवार को एकेडमिक डिवलेपमेंट रिसर्च सैल एवं इतिहास विभाग द्वारा हरियाणा राज्य अभिलेखागार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार व प्रदर्शनी शुरु हुई। सेमिनार के मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के वाइस चेयरमैन प्रो. एसके गक्खड़ थे। मुख्य वक्ता के तौर पर आइसीएचआर की सीनियर फेलो डॉ. राजवंती मान ने विचार रखे। इसके अलावा पहले दिन ऑस्ट्रेलिया व पाकिस्तान से भी वक्ताओं ने संबोधित किया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ देसराज बाजवा ने मुख्य अतिथि व अन्य वक्ताओं का कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। मुख्य अतिथि प्रो. एसके गक्खड़ ने कहा कि शहीदों के योगदान को राजनीतिक स्वार्थों की वजह से भूलना नहीं चाहिए। सभी राजनीतिक दलों को चाहिए कि वे शहीदों की विरासत को अगली पीढ़ी तक ले जाने का काम करें। उन्होंने उच्चतर शिक्षा के समक्ष चुनौतियों पर भी अपने विचार रखे। मुख्य वक्ता डॉ राजवंती मान ने कहा कि अंग्रेज उपनिवेशवादी हमारे बहुत से ऐतिहासिक संदर्भ ग्रंथ ले गए। वे अब भी इंग्लैंड की इंडिया हाउस लाइब्रेरी में रखे हैं। हमें इन ग्रंथों का अध्ययन करके बहुत से नए ऐतिहासिक संदर्भ खोजने की जरूरत है। पाकिस्तान से ऑनलाइन जुड़े गुजरात यूनिवर्सिटी गुजरात के प्रो. गुलाम शब्बीर ने स्वतंत्रता आंदोलन के समय की विश्व परिस्थितियों का जिक्र करते हुए शहीद भगत सिंह को अंतर्राष्ट्रीय हीरो बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी क्रांतिकारी एक दूसरे का विरोधी नहीं था। सभी एक दूसरे के पूरक थे। छोटी मानसिकता के लोग ही उन्हें आपस में बांटते हैं। सेमिनार के संयोजक डॉ .अतुल यादव ने बताया कि कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया के मनोवैज्ञानिक हमेश यादव ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन व दर्शन पर विचार रखे।

---

## हाथों में तख्तियां लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

- सहयोगी को निलंबन को लेकर एक महीने से प्रदर्शन कर रहे हैं बिजली कर्मचारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

सब डिविजन नंबर 2 में क्लर्क गुरविंदर के निलंबन के विरोध में यूनियन द्वारा चलाए जा रहे विरोध प्रदर्शन को एक महीना पूरा हो गया। मंगलवार को धरने की अध्यक्षता उप प्रधान रोशन लाल ने की। जबकि मंच संचालन सचिव गुरमीत सिंह ने संभाला। अंबाला कैंट के बर्फखाना की जमीन से बिना इजाजत मीटर उतारने के मामले में बिजली विभाग द्वारा लिपिक गुरविंदर सिंह को निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद गुरविंदर सिंह की बहाली को लेकर कर्मचारियों ने



**अंबाला।** सहयोग के निलंबन को लेकर विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी।

आंदोलन शुरू कर दिया था। सब यूनिट प्रधान बलवंत यादव ने बताया कि अधिकारियों द्वारा गुरविंदर क्लर्क के निलंबन का कारण यह बताया जा रहा है कि उन्होंने उपभोक्ता को नोटिस दिए बिना कार्रवाई कर दी, जबकि पहले नोटिस देना जरूरी होता है। यूनियन इस कार्रवाई को अनुचित बताते हुए तुरंत निलंबन वापस लेने की मांग कर रही है। प्रदर्शन में भारी संख्या में कर्मचारी एकत्रित हुए हैं। कर्मचारियों ने हाथों में तख्ती लेकर रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि गुरविंदर सिंह को जल्द बहाल किया जाए। इस दौरान एसई मुरादाबाद और गुरविंदर को जल्द बहाल किया जाए नारे लगाए गए। कर्मचारियों की अधिक संख्या को देखते हुए पुलिस ने भी भारी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया। खुद अंबाला कैंट एसएचओ अजैब सिंह भी मौके पर पहुंचे हैं। यूनियन नेताओं का कहना है कि राइट टू सर्विस एक्ट के तहत मीटर पीडीसीओ के लिए 7 दिन का समय तय है। अगर 7 दिन में मीटर नहीं उतारा गया और खाता बंद नहीं किया गया तो कर्मचारियों को नोटिस दिया जाता है। यूनियन के मुताबिक, रूटीन कार्यों में उपभोक्ताओं को पहले नोटिस नहीं दिया जाता। अगर मौके पर कोई उपभोक्ता मीटर उतारने का विरोध करता है, तभी कार्रवाई रोक दी जाती है। बाद में नोटिस दिया जाता है।

---

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

- चप्पे- चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात - एसपी बोले सार्वजनिक स्थलों के साथ होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट व धर्मशालाओं में ठहरे लोगों की निरंतर हो रही है जांच

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर जिला में पुलिस ने सुरक्षा बंदोबस्त कड़े कर दिए हैं। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि भीड़भाड़ वाली जगहों पर सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। जगह-जगह नाकाबंदी कर वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही है। इसके अलावा होटल, गेस्ट हाउस, सराय भवनों में थाना स्तर पर टीमों को गठित कर उनका सत्यापन किया जा रहा है। सुरक्षा के



**अंबाला।** रेलवे स्टेशन पर स्वतंत्रता दिवस को लेकर चेकिंग करते जीआरपी व आरपीएफ के जवान।

मद्देनजर बाजारों रेलवे स्टेशनों बस अड्डा पर जांच पड़ताल की जा रही है। रेलवे स्टेशन परिसर में आने-जाने वाले यात्रियों की जांच पड़ताल के अलावा ट्रेनों के अंदर आरपीएफ व जीआरपी द्वारा जांच की जा रही है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्र,चौक़, बाजार, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे पर पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है । उन्होंने बताया कि पूरे जिले में पर्याप्त मात्रा में फोर्स की तैनाती की गई है सुरक्षा के व्यापक प्रबंध है।

एसपी ने कहा कि किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, निरीक्षक सीआईए, निरीक्षक, एएनसी सैल, प्रबंधक थाना व पुलिस चौकी इंचार्जों को उचित दिशानिर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

---

## लोहगढ़ सरकारी स्कूल के तीन छात्रों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात, एक छात्र को बांधी राखी

- राष्ट्रपति ने राखी बांधकर सोहिल को पूछा जीवन में क्यो बनोगे तो छात्र बोला पुलिस में भर्ती होकर करुंगा देश सेवा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

रक्षाबंधन पर जिले के सरकारी स्कूल राजकीय प्राथमिक पाठशाला लोहगढ़ के तीन बच्चों सोहिल कुमार, सुखप्रीत कौर तथा वैष्णवी को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मिलने का मौका मिला। इस दौरान उनके साथ अध्यापक प्रमोद कुमार और संपर्क फाउंडेशन की जिला प्रतिनिधि कुमारी पूनम भी मौजूद रही। यह एक ऐसा पल था जिसने न केवल बच्चों को बल्कि पूरे जिले को गर्व से भर दिया।



**अंबाला।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से मुलाकात करते लोहगढ़ सरकारी स्कूल के छात्र।

इस मुलाकात के दौरान, राष्ट्रपति ने बच्चों से बातचीत की और उनकी प्रतिभा और उत्साह को सराहा। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला लोहगढ़ के पांचवीं कक्षा के छात्र सोहिल कुमार को रक्षा सूत्र भी बांधा। उस से देश की रक्षा करने का प्रण लिया 1 रक्षा बंधन के इस शुभ अवसर पर राष्ट्रपति ने देश भर से राष्ट्रपति भवन पहुंचे। सभी बच्चों और अध्यापकों को पर्यावरण संरक्षण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण संदेश भी दिया गया। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन न केवल भाई द्वारा बहन की रक्षा करने का प्रण लेने का अवसर है बल्कि प्रत्येक को अपने जीवन में एक पेड़ को रक्षा सूत्र बांध कर उसकी रक्षा करने का भी प्रण लेना चाहिए।

---

## रंगारंग प्रस्तुतियों से छात्रों ने मचाया धमाल

- स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर चल रही तैयारी को लेकर छात्र बहा रहे पसीना
- अंबाला शहर की अनाजमंडी में आयोजित होगा जिला स्तरीय समारोह, 13 को होगी फुलड्रेस रिहर्सल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अंबाला शहर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। फुलड्रेस रिहर्सल का आयोजन 13 को अंबाला शहर के पुलिस लाइन मैदान । राज्य स्तरीय समारोह में प्रस्तुत होने वाली प्रस्तुतियों का स्कूली विद्यार्थियों द्वारा आज नई



**अंबाला।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर रिहर्सल करते छात्र।

अनाज मंडी में पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान एसडीएम दर्शन कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग व जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने कार्यक्रम में प्रस्तुत होने वाली प्रस्तुतियों को देखा। एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। पुलिस, होमगार्ड, स्काउटस, गर्ल्ज गाईड व एनसीसी की टुकडिय़ों द्वारा शानदार मार्चपास्ट का प्रदर्शन भी किया जाएगा। रिहर्सल के दौरान देव गुरूकुल दिनारपुर के विद्यार्थियों द्वारा मलखम एवं सूर्य नमस्कार का पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान विभिन्न स्कूली विद्यार्थियों द्वारा पीटी शो का पूर्वाभ्यास किया गया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजकीय कॉलेज (पीजी) अंबाला छावनी के विद्यार्थियों द्वारा पंजाबी डांस, पीकेआर जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा ग्रुप सोंग, एमएम यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों द्वारा राजस्थानी डांस, चमन वाटिका गुरूकुल के विद्यार्थियों द्वारा बंगाली डांस, पीकेआर जैन वाटिका सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा क्लासिकल डांस तथा एसपीएस बाल भारती के विद्यार्थियों द्वारा भंगड़ा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया। एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीयगान की प्रस्तुति का पूर्वाभ्यास किया गया।

---

## वृंदावन का कृष्ण कन्हैया सबकी आंखों का तारा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

गुदगुदी जंक्शन समूह के तत्वाधान में धार्मिक ग्रुप भक्ति सागर द्वारा रेसकोर्स के श्री राधाकृष्ण मंदिर में सांय भजन संध्या 'सांवरा' आयोजित की गई। वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.संजय गौतम ने बताया कि समूह के म्यूजिकल ग्रुप 'गाता रहे मेरा दिल' के गायकों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीकृष्ण के भजनों की प्रस्तुति से समां बांधा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सतीश थपलियाल ने संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़,अंबाला छावनी प्रभारी राकेश आहूजा,राज अरोड़ा और असीम अग्रवाल सहित श्री राधाकृष्ण मंदिर रेसकोर्सके प्रधान भंवर सिंह राणा, उप प्रधान सुरेश कुमार,रमेश कुमार धानिया,किशन कुमार और सोनू कुमार से श्रीकृष्ण पूजन संपन्न

---

### स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में, 14 को होगी फाइनल रिहर्सल

# हरियाणवी डांस पर छात्राओं ने मचाया खूब धमाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़**

उपमंडल स्तर पर अनाज मंडी में स्वतंत्रता दिवस समारोह हेतु प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं मार्च पास्ट एवं परेड की रिहर्सल मंगलवार को बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुई। नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने मार्च पास्ट की सलामी ली। रिहर्सल के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी मनजीत कौर, खंड शिक्षा अधिकारी शहजादपुर नरोतम कुमार, मुख्याध्यापक सुरेंद्र धीमान, सीडीपीओ अरविंद्र कौर,



**नारायणगढ़।** रिहर्सल के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

एआईपीआरओ मनोज वालिया, प्राध्यापक संजय धीमान समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नायब तहसीलदार संजीव अत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारे देश के प्रति समर्पण और बलिदान की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल में बच्चों ने और मार्च पास्ट/परेड की रिहर्सल में एनसीसी कैडेट्स ने जो जोश और अनुशासन दिखाया वह सराहनीय है। फाइनल रिहर्सल 14 को प्रातः 9 बजे अतिरिक्त अनाज मंडी में होगी जिसमें सभी चयनित कार्यक्रमों और टुकडिय़ों का अंतिम अभ्यास किया जाएगा। मार्च पास्ट में एनसीसी की टुकडिय़ों ने अनुशासन और तालमेल का अद्भुत प्रदर्शन किया। राजकीय महाविद्यालय की एनसीसी टुकड़ी का नेतृत्व खुशी, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नेतृत्व हरदीप सिंह, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पतरेहड़ी का नेतृत्व जसप्रीत सिंह, डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का नेतृत्व हार्दिक वालिया, पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नेतृत्व प्रिया, पैरामाउंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल अकबरपुर का नेतृत्व अनमोल, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर का नेतृत्व रितेश तथा राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल जटवाड़ की टुकड़ी का नेतृत्व सिमरन ने किया। कार्यक्रम में एसडी स्कूल के बच्चों ने डंबल, श्रीमद् भगवत गीता सीनियर सैकेंडरी स्कूल ने योगा एवं पिरामिड और रणभूमि एकेडमी ने मार्शल आर्ट का शानदार प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में देशभक्ति गीत, हरियाणवी लोकगीत, लघु नाटिका और प्रेरणादायी गीत शामिल रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल के उपरांत इनका चयन किया गया- जिसमें सन राईज पब्लिक स्कूल बनौदी द्वारा देश भक्ति पर आधारित गीत देश मेरे देश मेरे मेरी जान है तू, एसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा हरियाणवी गीत, देशा म देश है भारत, भारत म ह हरियाणा पर अपनी प्रस्तुति दी गई।